आन्तरिक शिकायत प्रकोष्ठ ( आई. सी.सी.)

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

रामनगर ( नैनीताल )

आख्या

सत्र 2019–2020

महाविद्यालय में प्राचार्या के आदेश के अनुपालन में दिनांक 1–10–2019 सत्र 2019–20 हेतु आन्तरिक शिकायत समिति( आई. सी.सी.) का गठन किया गया जिसमें चार सदस्य महाविद्यालय परिसर से एवं एक सदस्य महाविद्यालय के बाहर से नामित किये गये। आई. सी सी. की प्रथम बैठक दिनांक . 16–10–2019 को आयोजित की गई जिसमें आई. सी. सी. के स्वरूप एवं कार्यप्रणाली पर विस्तृत रूप से विचार–विमर्श किया गया। बैठक में आई. सी. सी. के निष्पक्ष संचालन हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की गई जिसमें घटना के उपरान्त शिकायत दर्ज करने हेतु समयावधि एवं उसके उपरान्त की कार्यवाही, जाँच रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण तथा गवाहो की पहचान, गोपनीयता सम्बन्धी नियमो के विषय में चर्चा की गई। आई. सी सी. की द्वितीय बैठक दिनांक 19–11–2019 को प्राचार्या की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें कार्यक्षेत्र में यौन उत्पीड़न के विविध पक्षों एवं उसके कारणों पर विचार–विमर्श किया गया। कार्यक्षेत्र में लिंगभेदमुक्त एवं समतामूलक वातावरण के निर्माण पर जोर दिया गया। बैठक में कार्यक्षेत्र के वातावरण को चिन्तामुक्त, अभिप्रेरणात्मक एवं रचनात्मक बनाने के उपायो पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्या Principal
P.N.G. Govt. P.G. College
Ramnagar (Nainital)

संयोजक

आंतरिक शिकायत प्रकोष्ठ
P.N.G. Govt. P.G. College
Ramnagar (Nainital)